राष्ट्रीय खेल पुरस्कार (अवॉर्ड्स) 2018 के विजेताओं के नाम और सम्बंधित खेल की सूची

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2018:

भारत सरकार युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा 21 सितम्बर को वर्ष 2018 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। प्रतिवर्ष विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित करने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किए जाते है। राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार 4 साल की अवधि के दौरान किसी भी खेल में अत्यंत शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को दिया जाता है। इसी तरह अर्जुन पुरस्कार भी 4 साल के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को दिए जाते हैं। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाडियों के प्रशिक्षकों को दिया जाता है। ध्यानचंद पुरस्कार खेल विकास के क्षेत्र में जीवन भर योगदान करने वाले व्यक्ति को दिया जाता है।

वर्ष 2018 में 02 खिलाडियों को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, 08 कोचों को द्रोणाचार्य पुरस्कार, 20 खिलाडियों को अर्जुन पुरस्कार तथा 04 व्यक्तियों को खेल विकास के क्षेत्र में जीवनभर योगदान देने के लिए ध्यानचंद पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसके साथ ही 3 व्यक्तियों को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार और इंटर-यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में कुल मिलाकर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालय को मौलाना अबुल कलाम आजाद (माका) ट्रॉफी दी गई है।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार चयन समिति के अध्यक्ष:

इस साल राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार और अर्जुन पुरस्कार की चयन समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति इंदरमित कौर कोचर (पूर्व न्यायाधीश दिल्ली हाईकोर्ट) थे। द्रोणाचार्य और ध्यानचंद पुरस्कारों की चयन समिति के अध्यक्ष मुकुल मुद्गल (पूर्व मुख्य न्यायाधीश पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट) थे। राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चयन समिति की अगुवाई राहुल भटनागर, सचिव (खेल) ने की. एमएकेए ट्रॉफी के लिए चयन समिति के प्रमुख पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी अशोक कुमार थे। 25 सितम्बर, 2018 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम के दौरान भारतीय राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत खिलाडियों और व्यक्तियों को नेशनल स्पोर्ट्स अवार्ड्स से सम्मानित किया जायेगा।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेता 2018 को मिलने वाली राशि:

राजीव गांधी खेल रत्न से सम्मानित खिलाडियों को पदक और अलंकरण के अलावा 7.5 लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाती है।अर्जुन, द्रोणाचार्य और ध्यान चंद पुरस्कार से सम्मानित प्रत्येक खिलाड़ी/व्यक्ति को प्रतिमा, प्रमाण पत्र और 5 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार विजेता 2018:

- विराट कोहली (क्रिकेट)
- एस. मीराबाई चानू (भारोत्तोलन)

द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता 2018:

- सुबेदार चेनंदा अचैया कुट्टप्पा (बॉक्सिंग)
- विजय शर्मा (वेटलिफ़्टिंग)
- ए. श्रीनिवास राव (टेबल टेनिस)
- सुखदेव सिंह पन्नू (एथलेटिक्स)
- क्लैरेंस लोबो (हॉकी, लाइफ़टाइम)
- तारक सिन्हा (क्रिकेट, लाइफ़टाइम)
- जीवन कुमार शर्मा (जूडो, लाइफ़टाइम)
- वीआर बीडू (एथलेटिक्स, लाइफ़टाइम)

अर्जुन पुरस्कार विजेता 2018:

- नीरज चोपड़ा (एथलेटिक्स)
- सुबेदार जिन्सन जॉन्सन (एथलेटिक्स)
- हिमा दास (एथलेटिक्स)
- नीलकुर्ति सिक्की रेड्डी (बैडमिंटन)
- सुबेदार सतीश कुमार (बॉक्सिंग)
- स्मृति मंधाना (क्रिकेट)
- शुभंकर शर्मा (गोल्फ़)
- मनप्रीत सिंह (हॉकी)
- सविता (हॉकी)
- कर्नल रवि राठौर (पोलो)
- राही सारनोबत (शूटिंग)

- अंकुर मित्तल (शूटिंग)
- श्रेयसी सिंह (शूटिंग)
- मनिका बत्रा (टेबल टेनिस)
- जी. साथियान (टेबल टेनिस)
- रोहन बोपन्ना (टेनिस)
- सुमित (कुश्ती)
- पूजन कादियान (वुशू)
- अंकुर धामा (पैरा-एथलेटिक्स)
- मनोज सरकार (पैरा बैडमिंटन)

ध्यानचंद पुरस्कार विजेता 2018:

- सत्यदेव प्रसाद (तीरंदाजी)
- भरत कुमार छेत्री (हॉकी)
- बॉबी एलॉन्सिस (एथलेटिक्स)
- चौगुल धातु दत्तात्रेय (कुश्ती)

राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2018:

- राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (उभरते और युवा प्रतिभा की पहचान और पोषण)
- जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से खेल प्रोत्साहन)
- ईशा आउटरीच (विकास के लिए खेल)

मौलाना अबुल कलाम आजाद (MAKA) ट्रॉफी 2017-18:

- गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (पंजाब)